

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

काव्य क्लासेज

पुलिस | PATWAR | HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF) | BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS) | शिक्षक (I[st] ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 13 October 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 13 अक्टूबर का इतिहास

- **1892 :** छायाचित्र के जरिए पहली बार एडवर्ड एमर्सन बर्नार्ड ने डी-1892 टी1 नामक पुच्छल तारे की खोज की।
- **1999 :** अटल बिहारी वाजपेयी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने।
- **1542 :** मुगल बादशाह का सिंध के अमरकोट में जन्म हुआ।
- **2002 :** नई दिल्ली में इंटरपोल सदस्य देशों के प्रतिनिधियों का सम्मेलन प्रारंभ हुआ।
- **1988 :** अमेरिका ने नेवाडा में परमाणु परीक्षण किया।

## 13 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के.सिंह ने 17-20 अक्टूबर, 2022 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की पांचवी सभा और साथ होने वाले अन्य कार्यक्रमों पर से पर्दा उठाया। भारत के पास आईएसए सभा के अध्यक्ष का पद है। 109 सदस्य और हस्ताक्षरकर्ता देशों के मंत्री, मिशन और प्रतिनिधि इस बैठक में भाग लेंगे। सभा की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह करेंगे। आर.के.सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में ऊर्जा पारगमन की गति दुनिया में सबसे तेज है।
- उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने स्टार्टअप्स के लिए ऋण गारंटी योजना की स्थापना को अधिसूचित किया है। इस योजना के तहत क्रेडिट गारंटी ऋण अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा पंजीकृत वैकल्पिक निवेश फंडों द्वारा दिया जाएगा। यह स्टार्ट-अप के लिए 10 करोड़ रूपये तक के संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करेगा। यदि मूल ऋण स्वीकृति राशि 3 करोड़ रूपये तक है तो लेनदेन आधारित गारंटी कवर की सीमा डिफॉल्ट की गई राशि का 80 प्रतिशत होगी।
- केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस दिनेश कुमार शर्मा को गैरकानूनी गतिविधि न्यायाधिकरण यानी यूएपीए ट्रिब्यूनल का पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया। ये ट्रिब्यूनल पीएफआई और उससे संबंधित संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंध की समीक्षा करेगा।
- अमेरिका ने मुंबई स्थित एक पेट्रोकेमिकल कंपनी, तिबालाजी पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ प्रतिबंध लगाए क्योंकि उस पर ईरानी पेट्रोलियम उत्पादों को बेचने का आरोप लगाया गया है। संयुक्त व्यापक कार्ययोजना से अमेरिका के बाहर निकलने के बाद वर्ष 2018-19 मे पारित एकतरफा प्रतिबंधों के तहत अमेरिकी पदनाम का सामना करने वाली यह पहली भारतीय इकाई है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी पर एक कॉन्सेप्ट जारी किया। कॉन्सेप्ट पेपर का मुख्य उद्देश्य डिजिटल रूपये के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह भारत में डिजिटल मुद्रा जारी करने के उद्देश्यों, विकल्पों, लाभों और जोखिमों की व्याख्या करता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वह जल्द ही विशेष उपयोग के मामलों के लिए डिजिटल रूपये के प्रतिबंधित परीक्षण लॉन्च की शुरूआत करेगा। यह कॉन्सेप्ट नोट लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जारी किया गया है, जिससे डिजिटल करेंसी के सही तरीके से इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। इससे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।
- सरकार ने एक और बैंक को बेचने की तैयारी तेज कर दी है। आईडीबीआई बैंक को लेकर नया अपडेट सामने आया है। सरकार ने आगे बढ़ते हुए बोलियां आमंत्रित की हैं। इस प्राइवेटाइजेशन प्रोसेस के तहत सरकार और देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी LIC बैंक में कुल 60.72 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी।
- विश्व बैंक ने खराब वैश्विक पारिस्थितियों का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के अनुमान में कटौती करते हुए 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। यह पिछले जून 2022 के अनुमान से एक प्रतिशत कम है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक से पहले जारी अपने नवीतनम दक्षिण कोरिया से पहले जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया आर्थिक फोकस रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा कि भारत दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में मजबूत हो रहा है।
- निजी क्षेत्र के यस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर प्रशांत कुमार की नियुक्ति को भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वीकृति दे दी है। यस बैंक ने शेयर बाजारों को इस मंजूरी की सूचना देते हुए कहा कि कुमार तीन वर्षो के लिए बैंक के एमडी एवं सीईओ के रूप में कार्यरत रहेंगे।
- केंद्र सरकार ने पूर्व चीफ जस्टिस केजी बालकृष्णन की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया है। यह आयोग उन लोगों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने पर विचार करेगा, जिनका ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति से ताल्लुक है लेकिन उन्होंने दूसरा धर्म अपना लिया है। संविधान में कहा गया है कि हिंदु या सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नही माना जा सकता है।

काव्य क्लासेज
डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व दृष्टि दिवस (World Sight Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 अक्टूबर (B) 11 अक्टूबर
(C) 12 अक्टूबर (D) 13 अक्टूबर

**(D)** विश्व दृष्टि दिवस हर साल अक्टूबर माह के दूसरे गुरूवार को मनाया जाता है। यह पहली बार लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2000 में दृष्टि प्रथम अभियान के तहत शुरू किया गया था। इस दिन को दृष्टि हानि, अंधापन और अन्य दृष्टि संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।




**2. हाल ही में भगवान शिव की 369 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई गई है, जिसका लोकार्पण महोत्सव 29 अक्टूबर से 6 नवंबर तक किस राज्य में आयोजित किया जाएगा ?**

(A) राजस्थान (B) हरियाणा
(C) उत्तरप्रदेश (D) महाराष्ट्र

**(A)** राजस्थान के राजसमंद में भगवान शिव की 369 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई गई है। राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा में श्रीनाथ जी की पावन धरा पर 369 फीट की विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा विश्वास स्वरूपम का लोकार्पण महोत्सव 29 अक्टूबर से 6 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। विश्व की सबसे ऊंची शिव मूर्ति की अपनी एक अलग ही विशेषता है। 369 फीट ऊंची ये प्रतिमा विश्व की अकेली प्रतिमा होगी जिसमें लिफ्ट, सीढ़ियां, श्रद्धालुओं के लिए हॉल बनाया गया है।



**3. विश्व आपदा न्यूनीकरण दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 अक्टूबर (B) 12 अक्टूबर
(C) 13 अक्टूबर (D) 15 अक्टूबर

**(C)** संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस 1989 से प्रतिवर्ष 13 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिन जोखिम जागरूकता और आपदा में कमी की वैश्विक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है और दुनिया भर के लोग और समुदाय आपदाओं के प्रति अपने जोखिम को कम कर रहे हैं और कैसे अपने सामने आने वाले जोखिमों पर लगाम लगाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ा रहे है।




**4. हाल ही में किस राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ने शराब बंदी की अपनी मुहीम के तहत दो महीने भवन त्यागने की घोषणा की है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) हरियाणा
(C) छत्तीसगढ़ (D) ओडिशा

**(A)** हाल ही में मध्यप्रदेश राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शराब बंदी की अपनी मुहीम के तहत दो महीने भवन त्यागने की घोषणा की है। उमा भारती 7 नवंबर 2022 से 14 जनवरी 2023 तक भवन त्याग देगी। इस दौरान वह नदी किनारे या किसी पेड़े के नीचे या अनुचित या निषिद्ध स्थान पर शराब की दुकान या अहाते के सामने टेंट लगाकर छोटी सी चौपाल लगाएंगी।



**5. हाल ही में Walkaroo ने किसे अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है ?**

(A) स्मृति मंधाना (B) रामचरण
(C) अक्षय कुमार (D) अजय देवगन

**(D)** Walkaroo (वॉकारू) ने बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया। अब अजय देवगन कंपनी के प्रचार प्रसार में नजर आयेंगे। अजय देवगन उत्तर और पश्चिम भारत के बाजारों में खासकर टियर 2 और 3 शहरो में अपने ब्राण्ड की मोजूदगी को मजबूत कर सकेंगे।



**6. ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) किससे संबंधित है ?**

(A) आपदा प्रबंधन (B) वायु प्रदूषण

(C) मानवीय सहायता (D) तेल रिसाव

**(B)** हाल ही में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कहा कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के स्टेज-1 के तहत उपायों को तत्काल प्रभाव से दिल्ली NCR में लागू किया जाएगा। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान आपातकालीन उपायों का एक सेट है जो एक निश्चित सीमा तक पहुंचने के बाद हवा की गुणवत्ता में गिरावट को रोकने के लिए शुरू होता है।



**7. हाल ही में भारत और किस देश के मध्य व्हाइट शिपिंग इंफॉर्मेशन एक्सचेंज समझौता हुआ ?**

(A) जापान (B) चीन

(C) अमेरिका (D) न्यूजीलैंड

**(D)** व्हाइट शिपिंग इंफॉर्मेशन एक्सचेंज एक तकनीकी शब्द है। यह दो देशों के समुद्री क्षेत्रों के अंतर्गत वाणिज्यिक जहाजों से संबंधित सूचना का नौसैनाओं के बीच विनिमय समझौते से संबंधित है। व्हाइट शिपिंग जानकारी वाणिज्यिक गैर-सैन्य व्यापारी जहाजों की आवाजाही और पहचान पर पूर्व सूचना के आदान-प्रदान को संदर्भित करती है। व्हाइट शिपिंग एग्रीमेंट किसी देश की समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण भाग है, इस एग्रीमेंट की सहायता से कोई देश अपनी सुरक्षा को मजबूत कर सकता है। क्योंकि इसके अंतर्गत किसी समुद्री जहाह के उसके तट पर आने से पहले उसकी पूरी जानकारी उस देश की नौसेना के पास मौजूद रहेगी।



**8. हाल ही में स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन ने कितने करोड़ रूपये की 14 परियोजनाओं को मंजूरी दी ?**

(A) 1036 करोड़ रूपये (B) 1145 करोड़ रूपये

(C) 1265 करोड़ रूपये (D) 1369 करोड़ रूपये

**(B)** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने 1145 करोड़ रूपये की 14 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इनमें सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक प्रदूषण उन्मूलन, जैव विविधता संरक्षण, वनीकरण, रिवर फ्रंट विकास और विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार से संबंधित परियोजनाएं शामिल है।



**9. हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने यस बैंक के MD और CEO प्रशांत कुमार को कितने साल के लिए पुनर्नियुक्त किया ?**

(A) 1 साल (B) 2 साल

(C) 3 साल (D) 5 साल

**(C)** हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने यस बैंक के MD और CEO प्रशांत कुमार को 3 साल के लिए पुनर्नियुक्त किया। प्रशांत कुमार को पहली बार मार्च 2020 में संकट के दौर से गुजर रहे इस बैंक की कमान सौंपी गई थी।



**10. यूनिवर्सल पीरियोडिक रिव्यू मैकेनिजम किस संगठन से संबंधित है ?**

(A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (B) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(C) विश्व बैंक समूह (D) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद

**(D)** हाल ही में चीन में उइगर मुसलमानों के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत ने मतदान से परहेज किया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है जो दुनियाभर में मानवाधिकार के प्रचार और संरक्षण को मजबूत करने के लिए जिम्मेदार है।

UNITED NATIONS
HUMAN RIGHTS
COUNCIL